काशी में होगा इंटरनेशनल टेंपल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो

चर्चा में क्यों?

12 जुलाई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार टेंपल कनेक्ट की तरफ से पहली बार वाराणसी में 22 से 24 जुलाई तक दुनिया के बड़े मंदिरों का सम्मेलन इंटरनेशनल टेंपल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो (आईटीसीएक्स) का आयोजन किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) सरसंघचालक मोहन भागवत 22 जुलाई को करेंगे। इसमें मंदिरों के न्यासी, त्रावणकोर के राजकुमार (पद्मनाभस्वामी मंदिर), गोवा के पर्यटन मंत्री रोहण ए. खुंते, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के कार्यकारी अधिकारी धर्म रेड्डी भी शामिल रहेंगे।
- सम्मेलन में 25 देशों के 450 से ज्यादा मंदिरों के पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। हिन्दू के साथ ही सिख, बौद्ध और जैन धर्म से संबंधित मठ, मंदिर व गुरुद्वारों के पदाधिकारी भी आएंगे।
- पूरा कार्यक्रम रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में होगा। टेंपल कनेक्ट की तरफ से पहली बार इंटरनेशनल टेंपल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो (आईटीसीएक्स) का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मंदिर प्रबंधन, संचालन व प्रशासन के विकास, सशक्तीकरण पर चर्चा की जाएगी।
- टेंपल कनेक्ट के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी, आईटीसीएक्स के चेयरमैन प्रसाद लाड और को-क्यूरेटर मेघा घोष ने बताया कि पूरे विश्व में पूजा स्थल प्रधान की टीमों के लिये सर्वश्रेष्ठ कार्यपद्धति विकसित की जाएगी। स्थापना के साथ ही विकास व सक्षम बनाने की मुहिम आगे बढ़ाई जाएगी।
- तीन दिवसीय कार्यक्रम अतुल्य भारत अभियान का हिस्सा है। इसमें पर्यटन मंत्रालय भी सहयोग कर रहा है। सम्मेलन के दौरान मंदिर, मठ और गुरुद्वारों में आने वाले तीर्थयात्रियों के अनुभव, भीड़ प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन और बुनियादी सुविधाओं में सुधार जैसे विषयों पर चर्चा भी की जाएगी।
- सम्मलेन में जैन धर्मशालाओं, प्रमुख भक्ति धर्मार्थ संगठन, यूनाइटेड किंगडम के हिन्दू मंदिरों के संघ, इस्कॉन मंदिर, अन्न क्षेत्र प्रबंधन, विभिन्न तीर्थ स्थलों के पुरोहित महासंघ और विभिन्न तीर्थयात्रा संवर्धन परिषद के प्रतिनिधि भाग लेंगे।
- यह सम्मेलन एक प्लेटफॉर्म का काम करेगा, जहाँ पूरे विश्व के धर्मस्थलों की विविध संस्कृतियों, परंपराओं, कला और शिल्प के बारे में सीखने के साथ-साथ भारत की समृद्ध पूजा स्थल धरोहर से दुनिया भी रूबरू होगी।
- सम्मेलन में हरित ऊर्जा, पुरातात्विक वास्तुशिल्प, लंगर प्रबंधन, प्रकाश व्यवस्था पर चर्चा होगी। तिरुपति बालाजी पूजास्थल के विशेषज्ञ पंक्ति प्रबंधन प्रणाली और वाराणसी के घाटों की सफाई व रखरखाव करने वाले सामाजिक संगठन के लोग भी शामिल होंगे।
- सत्रों को काशी विश्वनाथ मंदिर, महाकाल ज्योतिर्लिंग, अयोध्या राम मंदिर, पटना साहेब गुरुद्वारा, चिदंबरम मंदिर और विरूपक्ष मंदिर हंपी के प्रतिनिधि संचालित करेंगे।
- अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन-2023: टेंपल कनेक्ट द्वारा संचालित अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और एक्सपो, (आईटीसीएक्स), मंदिर प्रबंधन पर अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं, सीख और अमूल्य अंतर्दृष्टि को साझा करने के लिये दुनिया भर के मंदिरों का एक समूह है। यह संपूर्ण मंदिर पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत और सशक्त बनाने की दिशा में एक गहरा प्रयास है।
- इसके अतिरिक्त, यह सम्मेलन दुनिया भर के मंदिरों की विविध संस्कृतियों, परंपराओं और कला और शिल्प के बारे में जानने का एक अद्भुत स्थान है।
- उल्लेखनीय है कि टेंपल कनेक्ट एक अग्रणी मंच और वैश्विक हिन्दू मंदिर को जोड़ने और भक्तों के लाभ के लिये सभी को जानकारी का डिजिटल प्रारूप प्रदान करने की एक पहल है। इसकी स्थापना गिरीश कुलकर्णी ने वर्ष 2016 में की थी।

//

INTERNATIONAL
TEMPLES
CONVENTION &
EXPO
VARANASI, JULY 2023

INTERNATIONAL
TEMPLES
CONVENTION &
EXPO
VARANASI, JULY 2023

TEMPLE CONNECT
~ Your Devotional Connect Online ~

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-temples-convention-and-expo-to-be-held-in-kashi